तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **आईदानराम ग्वाला** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार, बावड़ी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353350406244254
06/03/26	अपीलार्थी आईदानराम ग्वाला निवारी पातो की बासनी पोस्ट सावंत कुआ खुर्द तहसील बावड़ी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बावड़ी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 13.02.2026 कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) बावड़ी, जोधुपर के पत्रांक/भू.अ./सू.अ.अ./2026/548 दिनांक 04.02.26 के विन्दु संख्या 1 व 2 में पटवारियों के विरूद्ध अनुशासत्मक कार्यवाही कृषि आदान–अनुदान से संबंधित दस्तावेज के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बावड़ी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बावड़ी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बावड़ी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर

RajKaj Ref No.:
20911253
eSign 1.0

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.0[illegible] 18:47:57 IST
Reason: Approved